>

Title: Regarding monitoring of Agriculture colleges in the country-laid.

श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो): देश में चल रहे सरकारी/निजी कृषि महाविद्यालयों में कृषि संबंधित कौन-कौन से कोर्स चलाए जा रहे हैं तथा इन निजी कृषि महाविद्यालयों की शिक्षण पद्धति एवं प्रवेश प्रक्रिया की निगरानी सरकार द्वारा निरीक्षण किया जाए साथ ही इन कृषि महाविद्यालय के कामकाज की निगरानी के लिए किसी परिषद/समिति का गठन किया जाए ताकि निजी कृषि महाविद्यालयों विद्यार्थियों/अध्येताओं/शोधार्थियों के लिए उचित शैक्षणिक शोध संस्थान तथा प्रयोगशाला की समुचित व्यवस्था हो सके तथा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा पीएचडी कार्यक्रम 2019-20 में शामिल होने वाले उम्मीदवार जो निजी विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण हुए हैं, उनके लिए सरकार द्वारा क्या नीति अपनाई जा रही है ।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि कृषि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखते हुए किसी ठोस पहल की व्यवस्था की जाए । एग्रीकल्चर एजूकेशन को रिगुलेटिंग करने के लिए एग्रीकल्चर काँसिल ऑफ इंडिया का गठन किया जाए ।